JAGRAN Josh your guide to success

WWW.JAGRANJOSH.COM

# यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवा प्रा. परीक्षा 2012: सामान्य अध्ययन द्वितीय प्रश्नपत्र (सीसेट)

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

**टी.बी.सी. : P-DTQ-M-QB**

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

**B**

# परीक्षण पुस्तिका

**प्रश्न पत्र – II**

*समय : दो घण्टे* *पूर्णांक : 200*

## अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए ।**
2. **उत्तर-पत्रक में सही स्थान पर परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D यथास्थिति स्पष्ट रूप से कूटबद्ध कीजिए ।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **80** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपा है सिवाय उन प्रश्नों के जो अंग्रेज़ी भाषा बोधन के हैं और वे केवल अंग्रेज़ी में हैं । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित **करना चाहते हैं** । **यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक** प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । **प्रत्येक प्रश्नांश के लिए *केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए ।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर ***केवल उत्तर-पत्रक*** अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **प्रश्न पत्र में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा, सिवाय प्रश्न 74 से 80 तक के, जिनके लिए गलत उत्तरों के लिए कोई दंड नहीं है ।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक उस प्रश्न के लिए, जिसके लिए दंड है, दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दंड के रूप में काटा जाएगा ।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही, उसी तरह का दंड दिया जाएगा, यदि उसके लिए दंड है ।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा ।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

***Note :*** English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.

**1.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सभी कलाकार सनकी होते हैं ।
2. कुछ कलाकार नशीले पदार्थों के व्यसनी होते हैं ।
3. कुंठाग्रस्त व्यक्तियों के नशीले पदार्थों का व्यसनी बन जाने की संभावना रहती है ।

उपरिलिखित तीन कथनों से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि

(a) कलाकार कुंठाग्रस्त होते हैं ।

(b) नशीले पदार्थों के व्यसनी लोगों में से कुछ सनकी होते हैं ।

(c) सभी कुंठाग्रस्त व्यक्तियों को नशीले पदार्थों का व्यसन होता है ।

(d) सनकी व्यक्ति आम तौर पर कुंठाग्रस्त होते हैं ।

**2.** निम्नलिखित कथनों का परीक्षण कीजिए :

1. या तो A और B की एक ही आयु है अन्यथा B से A बड़ा है ।
2. **या तो C और D की एक ही आयु है अन्यथा C से D बड़ा है ।**
3. C से B बड़ा है ।

ऊपर के कथनों से निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है ?

(a) B से A बड़ा है

(b) B और D की एक ही आयु है

(c) C से D बड़ा है

(d) C से A बड़ा है

**3.** नीचे दिए गए कथनों का परीक्षण कीजिए :

1. एक पक्षी-निरीक्षक क्लब में केवल उन्हें ही सदस्यता मिलती है जिनके पास द्विनेत्री (बाइनोक्यूलर) हो ।
2. पक्षी-निरीक्षक क्लब के कुछ सदस्यों के पास कैमरे भी होते हैं ।
3. जिन सदस्यों के पास कैमरे होते हैं वे फोटो-प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं ।

ऊपर के कथनों से निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है ?

(a) जिनके पास द्विनेत्री (बाइनोक्यूलर) होता है वे सभी पक्षी-निरीक्षक क्लब के सदस्य होते हैं ।

(b) पक्षी-निरीक्षक क्लब के सभी सदस्यों के पास द्विनेत्री (बाइनोक्यूलर) होता है ।

(c) जो फोटो-प्रतियोगिता में भाग लेते हैं वे सभी पक्षी-निरीक्षक क्लब के सदस्य होते हैं ।

(d) कोई भी निष्कर्ष निकाला नहीं जा सकता ।

**4.** पिछली ग्रीष्मकाल की छुट्टियों के दौरान, अंकित एक ग्रीष्म शिविर में गया जहाँ उसने पदयात्रा, तैराकी और नौका-चालन में भाग लिया । इस ग्रीष्मकाल में उसने एक संगीत शिविर में जाने का मन बनाया है जहाँ वह गाने, नाचने और गिटारवादन सीखने की चाह रखता है ।

उपर्युक्त सूचना के आधार पर, नीचे दिए गए चार निष्कर्ष निकाले गए हैं । इनमें से कौन-सा एक, उपर्युक्त सूचना से तर्कसंगत रूप से अनुगमित होता है ?

(a) अंकित के माता-पिता चाहते हैं कि वह गिटार बजाए ।

(b) अंकित बाहरी गतिविधियों की अपेक्षा संगीत ज़्यादा पसंद करता है ।

(c) अंकित हर ग्रीष्मकाल में किसी-न-किसी प्रकार के शिविर में जाता है ।

(d) अंकित गाना और नाचना पसंद करता है ।

**5.** तीन व्यक्तियों A, B और C ने काले, नीले तथा नारंगी रंग (अनिवार्यतः इसी क्रम में नहीं) की कमीज़ तथा हरे, पीले तथा नारंगी रंग (अनिवार्यतः इसी क्रम में नहीं) की पैंट पहनी थी । किसी भी व्यक्ति ने समान रंग की कमीज़ तथा पैंट नहीं पहनी । पुनश्च दिया गया है कि

1. A ने काले रंग की कमीज़ नहीं पहनी ।
2. B ने नीले रंग की कमीज़ नहीं पहनी ।
3. C ने नारंगी रंग की कमीज़ नहीं पहनी ।
4. A ने हरे रंग की पैंट नहीं पहनी ।
5. B ने नारंगी रंग की पैंट पहनी ।

C ने क्रमशः कौन-से रंग की पैंट तथा कमीज़ पहनी थी ?

(a) नारंगी तथा काला

(b) हरा तथा नीला

(c) पीला तथा नीला

(d) पीला तथा काला

6. जनवरी में दस नए TV शो शुरू हुए — 5 सिटकॉम, 3 ड्रामा और 2 समाचार मैगज़ीन । अप्रैल तक, उन नए शो में से सिर्फ सात अभी भी चल रहे थे, जिनमें 5 सिटकॉम हैं ।
उपर्युक्त सूचना के आधार पर, नीचे दिए गए चार निष्कर्ष निकाले गए हैं । इनमें से कौन-सा एक, उपर्युक्त सूचना से तर्कसंगत रूप से अनुगमित होता है ?
(a) केवल एक समाचार मैगज़ीन शो अभी भी चालू है ।
(b) ड्रामा शो में से केवल एक अभी भी चालू है ।
(c) बंद किए गए शो में से कम-से-कम एक ड्रामा था ।
(d) दर्शकों को ड्रामा की अपेक्षा सिटकॉम ज़्यादा पसंद हैं ।

7. निम्नलिखित परिच्छेद और उसके उपरांत इसी परिच्छेद के आधार पर दिए गए दो कथनों को पढ़िए :

**दिल्ली हवाई अड्डे पर मुंबई की उड़ान के लिए चार व्यक्ति प्रतीक्षा कर रहे हैं । दो डॉक्टर हैं और शेष दो व्यापारी हैं । दो गुजराती बोलते हैं और दो तमिल । किसी भी एक व्यवसाय के दो व्यक्ति एक भाषा नहीं बोलते । दो मुसलमान हैं और दो ईसाई । किसी भी एक धर्म के दो व्यक्ति एक व्यवसाय में नहीं हैं, न ही एक भाषा बोलते हैं । तमिल बोलने वाला डॉक्टर ईसाई है ।**

1. ईसाई व्यापारी गुजराती बोलता है ।
2. गुजराती बोलने वाला डॉक्टर मुसलमान है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही निष्कर्ष है/हैं ?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

8. निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिए :
"काफी महँगा होने के बावजूद, टेलीविज़न एक विलास-वस्तु नहीं है क्योंकि टेलीविज़न के द्वारा हम काफी चीज़ें सीख सकते हैं ।"
उपर्युक्त कथन से, निम्नलिखित में से कौन-सा एक वैध निष्कर्ष है ?
(a) सभी महँगी वस्तुएँ विलास-वस्तु मानी जाती हैं ।
(b) शिक्षा के लिए सभी ज़रूरी वस्तुएँ विलास-वस्तुएँ नहीं हैं ।
(c) टेलीविज़न शिक्षा के लिए ज़रूरी है ।
(d) टेलीविज़न विलास-वस्तु नहीं है ।

9. श्री कुमार अपने कार्य पर 48 km प्रति घंटे की औसत चाल से गाड़ी चलाकर जाते हैं । पहली 60% दूरी तय करने में शेष दूरी को तय करने में लगने वाले समय की अपेक्षा, 10 मिनट ज़्यादा लगते हैं । उनका कार्यस्थल कितनी दूरी पर है ?
(a) 30 km
(b) 40 km
(c) 45 km
(d) 48 km

10. गीता, सीता से अधिक सुन्दर है लेकिन रीता जितनी सुंदर नहीं है । तो
(a) सीता, गीता जितनी सुन्दर नहीं है ।
(b) सीता, रीता से ज़्यादा सुन्दर है ।
(c) रीता, गीता जितनी सुन्दर नहीं है ।
(d) गीता, रीता से ज़्यादा सुन्दर है ।

11. मान लीजिए
1. A, B का भाई है ।
2. C, A का पिता है ।
3. D, E का भाई है ।
4. E, B की पुत्री है ।

तो D का चाचा कौन है ?
(a) A
(b) B
(c) C
(d) E

12. निम्नलिखित कथनों का परीक्षण कीजिए :
1. रमा ने रानी से अधिक अंक प्राप्त किए ।
2. रानी ने रत्ना से कम अंक प्राप्त किए ।
3. रत्ना ने रमा से अधिक अंक प्राप्त किए ।
4. पद्मा ने रमा से अधिक किन्तु रत्ना से कम अंक प्राप्त किए ।

सबसे अधिक अंक किसने प्राप्त किए ?
(a) रमा
(b) पद्मा
(c) रानी
(d) रत्ना

***निम्नलिखित 6 (छः) प्रश्नांशों के लिए निर्देश :***

*निम्नलिखित **दो परिच्छेदों** को पढ़िए और उसके उपरांत प्रत्येक परिच्छेद के आधार पर दिए गए प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए । इन प्रश्नांशों के आपके उत्तर केवल परिच्छेदों पर ही आधारित होने चाहिए ।*

**परिच्छेद – 1**

निर्धनों को, खासकर बाज़ार अर्थव्यवस्थाओं में, उस क्षमता की आवश्यकता होती है, जिसे समूहन, उनके सामाजिक-आर्थिक कल्याण और अभिव्यक्ति के संवर्धन के लिए तथा मुक्त बाज़ार व्यक्तिवाद के विरुद्ध एक संरक्षण के रूप में, अपने लिए अधिक आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक अवसर सृजित करने के लिए प्रदान करते हैं । यह तर्क प्रस्तुत किया गया है कि कृषि का समूह उपागम, विशेषतः ऊर्ध्वगामी कृषि-उत्पाद समूहनों के रूप में, कृषि उत्पादकता-वृद्धि के साथ-साथ निर्धनता-उन्मूलन तथा निर्धनों के सशक्तीकरण के महत्त्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है । तथापि, इस सम्भावना को साकार करने हेतु, आवश्यक होगा कि समूह की प्रकृति स्वैच्छिक, आकार छोटा, निर्णयन में सहभागिता तथा कार्य-आबंटन और लाभ-संवितरण में साम्यमूलकता हो । विविध संदर्भों में, जैसे संक्रमण अर्थव्यवस्थाओं में, ऐसे समूहनों के अनेक उल्लेखनीय उदाहरण हैं । ये सभी, निश्चित परिस्थितियों में, सफल सहभागिता की सम्भावनाओं के साक्ष्य वहन करते हैं । और यद्यपि संक्रमण अर्थव्यवस्थाओं में परिवार-सहकारिताओं का लिंग-प्रभाव अनिश्चित है, किन्तु महिला-मात्र आधारित समूह कृषि के भारतीय उदाहरण महिलाओं को लाभान्वित करने की पर्याप्त सम्भावनाओं को बताते हैं ।

**13.** कृषि समूहन, जैसे कि समूह आधारित कृषि, ग्रामीण निर्धनों को

1. सशक्तीकरण प्रदान कर सकते हैं ।
2. वर्धित कृषि उत्पादकता प्रदान कर सकते हैं ।
3. शोषणपरक बाज़ारों के विरुद्ध सुरक्षण प्रदान कर सकते हैं ।
4. कृषि वस्तुओं का अतिरेक उत्पादन प्रदान कर सकते हैं ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2, 3 और 4
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 2 और 4
(d) केवल 1, 3 और 4

**14.** "लिंग प्रभाव" से लेखक का क्या तात्पर्य है ?

(a) महिलाएँ सहकारिताओं में संदेहास्पद सहभागी हैं ।
(b) परिवार-सहकारिताओं में महिलाएँ सम्मिलित नहीं भी हो सकती हैं ।
(c) समूह कृषि से लाभान्वित होती महिलाएँ ।
(d) संक्रमण अर्थव्यवस्थाओं में महिलाओं की भूमिका अत्यंत प्रतिबंधात्मक है ।

**15.** निम्नलिखित धारणाओं पर विचार कीजिए :

1. संक्रमण अर्थव्यवस्थाओं में कृषि समूहनों का होना अनिवार्य है ।
2. कृषि के प्रति समूह उपागम से कृषि उत्पादकता को बढ़ाया जा सकता है ।

उपर्युक्त परिच्छेद के संदर्भ में, इन धारणाओं में से कौन-सा/से वैध है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**परिच्छेद – 2**

विशिष्ट पश्चिमी उदारवादी संदर्भ में, लोकतंत्र का और गहरा होना 'उदारवादी मूल्यों' के समेकन की ओर ले जाता है । भारतीय संदर्भ में, लोकतंत्रीकरण लोगों की वृहत्तर भागीदारी में परिणत होता है, जिसमें लोग 'व्यक्तियों' के रूप में नहीं, जो कि उदारवादी चिंतन का मुख्य विषय है, बल्कि समुदायों या समूहों के रूप में शामिल होते हैं । सार्वजनिक क्षेत्र में व्यक्ति 'व्यष्टिक' व्यक्तियों के रूप में नहीं, बल्कि धर्म या जाति की पहचान के आधार पर बने आद्य समुदायों के सदस्यों के रूप में शामिल हो रहे हैं । सामुदायिक-पहचान एक नियंत्रक बल होती प्रतीत होती है । अतः यह आश्चर्यजनक नहीं है, कि तथा-कथित परिधीय समूह राजनैतिक प्रक्रियाओं में शामिल होते समय अपनी पहचानों को सामाजिक समूहों (जाति, धर्म या पंथ) से, जिनके वे सदस्य हैं, जोड़ कर बनाए रखना जारी रखते हैं, यद्यपि उन सभी के राजनैतिक लक्ष्य न्यूनाधिक समान बने रहते हैं । भारत में लोकतंत्र ने उपांतीय लोगों की राजनैतिक आवाज़ को सुस्पष्ट करने में सहायता कर, 'सामाजिक निकोचों को शिथिल करने' की ओर प्रेरित किया है और उपांतीय लोगों को यह शक्ति प्रदान की है कि वे जिन सामाजिक-आर्थिक दशाओं में हैं उन्हें सुधारने की अपनी योग्यता के बारे में आश्वस्त हों । यह एक महत्त्वपूर्ण राजनैतिक प्रक्रिया है जो, लोक-शासन के लोकतांत्रिक ढांचे के अंदर, उच्चतर जाति के अभिजनों से विभिन्न उपाश्रित समूहों में सार्थक शक्ति-हस्तांतरण करने के माध्यम से एक मूक क्रांति का कारण बनी थी ।

**16.** पश्चिमी संदर्भ में, "लोकतंत्र के और गहरे होने" से क्या आशय है ?

(a) समूह एवं वर्ग पहचानों का समेकन ।

(b) लोगों की वृहत्तर भागीदारी में परिणत लोकतंत्रीकरण ।

(c) सार्वजनिक क्षेत्र में व्यक्तियों की 'व्यष्टिक' रूप में वृहत्तर भागीदारी के रूप में लोकतंत्रीकरण ।

(d) इस सन्दर्भ में उपर्युक्त कथनों (a), (b) और (c) में से कोई भी सही नहीं है ।

**17.** भारत में वृहत्तर लोकतंत्रीकरण किसका अनिवार्य रूप से कारण ***नहीं*** बना है ?

(a) सार्वजनिक क्षेत्र में जाति एवं सामुदायिक पहचानों का मंद होना ।

(b) भारतीय राजनीति में नियंत्रक बल के रूप में समुदाय पहचान का असंगत होना ।

(c) समाज में अभिजन समूहों का उपांतीय होना ।

(d) वर्ग पहचानों के ऊपर वंशागत पहचानों की सापेक्ष महत्त्वहीनता होना ।

**18.** वह "मूक क्रांति" क्या है जो भारतीय लोकतांत्रिक प्रक्रिया में घटित हुई है ?

(a) राजनीतिक प्रक्रियाओं में जाति एवं वर्ग सोपानों की असंगतता ।

(b) मतदान व्यवहार एवं प्रतिरूपों में सामाजिक निकोचों का ढीला होना ।

(c) उच्चतर जाति अभिजन से उपाश्रित समूहों में शक्ति-हस्तांतरण के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन ।

(d) इस संदर्भ में सभी उपर्युक्त कथन (a), (b) और (c) सही हैं ।

***निम्नलिखित 5 (पाँच) प्रश्नांशों के लिए निर्देश :***

*नीचे दिए गए परिच्छेद में दी गई सूचना पर विचार कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए :*

पाँच विषयों, जैसे कि अर्थशास्त्र, इतिहास, सांख्यिकी, अंग्रेज़ी और गणित, पर एक सप्ताह में सोमवार से शुक्रवार तक अतिथि व्याख्यानों का इंतजाम करना है। प्रत्येक दिन केवल एक व्याख्यान का इंतजाम किया जा सकता है। अर्थशास्त्र को मंगलवार को अनुसूचित नहीं किया जा सकता। इतिहास का अतिथि प्राध्यापक केवल मंगलवार को उपलब्ध है। गणित का व्याख्यान, अर्थशास्त्र के व्याख्यान के दिन के ठीक अगले दिन ही अनुसूचित करना है। अंग्रेज़ी का व्याख्यान अर्थशास्त्र के व्याख्यान वाले दिन के ठीक एक दिन पहले अनुसूचित करना है।

**19.** सोमवार को कौन-सा व्याख्यान अनुसूचित है ?
(a) इतिहास
(b) अर्थशास्त्र
(c) गणित
(d) सांख्यिकी

**20.** सांख्यिकी और अंग्रेज़ी के बीच में कौन-सा व्याख्यान अनुसूचित है ?
(a) अर्थशास्त्र
(b) इतिहास
(c) गणित
(d) कोई व्याख्यान नहीं

**21.** सप्ताह में कौन-सा व्याख्यान अंतिम है ?
(a) इतिहास
(b) अंग्रेज़ी
(c) गणित
(d) अर्थशास्त्र

**22.** बुधवार को कौन-सा व्याख्यान अनुसूचित है ?
(a) सांख्यिकी
(b) अर्थशास्त्र
(c) अंग्रेज़ी
(d) इतिहास

**23.** गणित के व्याख्यान के पहले कौन-सा व्याख्यान अनुसूचित है ?
(a) अर्थशास्त्र
(b) इतिहास
(c) सांख्यिकी
(d) अंग्रेज़ी

**24.** समान आयतन के दो गिलास क्रमशः आधे और तीन-चौथाई दूध से भरे हैं। बाद में उनमें पानी मिलाकर उन्हें लबालब भर दिया जाता है। तत्पश्चात् उनके इस द्रव को दूसरे बर्तन में उँडेला जाता है। इस बर्तन में दूध का पानी से क्या अनुपात है ?
(a) 1 : 3
(b) 2 : 3
(c) 3 : 2
(d) 5 : 3

**25.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. सभी मशीनें ऊर्जा खर्च करती हैं।
2. बिजली ऊर्जा प्रदान करती है।
3. बिजली से चलने वाली मशीनों का रख-रखाव सस्ता होता है।
4. बिजली से चलने वाली मशीनें प्रदूषण-मुक्त होती हैं।

उपर्युक्त कथनों के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा एक निष्कर्ष निकाला जा सकता है ?
(a) सभी मशीनें विद्युत ऊर्जा से चलती हैं।
(b) बिजली के अतिरिक्त ऊर्जा का दूसरा कोई प्रारूप नहीं है।
(c) अधिकांश मशीनें विद्युत ऊर्जा से चलती हैं।
(d) बिजली से चलने वाली मशीनों को चलाना बेहतर है।

**26.** निम्नलिखित कथनों का परीक्षण कीजिए :

1. धनिकों के अलावा कोई हवाई यात्रा का खर्च नहीं उठा सकता ।
2. हवाई यात्रा करने वालों में से कुछ बीमार पड़ जाते हैं ।
3. जो बीमार पड़ते हैं उनमें से कुछ को इलाज की आवश्यकता होती है ।

निम्नलिखित निष्कर्षों में से कौन-सा एक उपरिलिखित कथनों से निकाला जा सकता है ?

(a) सभी धनिक व्यक्ति हवाई यात्रा करते हैं ।

(b) जो हवाई यात्रा करते हैं वे बीमार पड़ जाते हैं ।

(c) सभी धनिक व्यक्ति बीमार पड़ते हैं ।

(d) सभी लोग जो हवाई यात्रा करते हैं, धनिक होते हैं ।

**27.** पाँच फ्लेटों में, जो एक दूसरे के ऊपर स्थित हैं, पाँच व्यवसायी रहते हैं । एक प्रोफेसर है जिसे अपने IAS अधिकारी मित्र से मिलने के लिए ऊपर जाना पड़ता है । एक डॉक्टर है, जिसकी सभी से समान रूप से मित्रता है, उसे जितनी बार ऊपर जाना पड़ता है उतनी ही बार नीचे उतरना पड़ता है । एक इंजीनियर है जिसे अपने MLA मित्र से मिलने के लिए ऊपर जाना पड़ता है, जिसके फ्लेट के ऊपर प्रोफेसर का मित्र रहता है ।

ये पाँच व्यवसायी सबसे निचले तल से सबसे ऊपरी तल तक किस क्रम में रहते हैं ?

(a) इंजीनियर, प्रोफेसर, डॉक्टर, IAS अधिकारी, MLA

(b) प्रोफेसर, इंजीनियर, डॉक्टर, IAS अधिकारी, MLA

(c) IAS अधिकारी, इंजीनियर, डॉक्टर, प्रोफेसर, MLA

(d) प्रोफेसर, इंजीनियर, डॉक्टर, MLA, IAS अधिकारी

***निम्नलिखित 15 (पन्द्रह) प्रश्नांशों के लिए निर्देश :***

*निम्नलिखित **तीन परिच्छेदों** को पढ़िए और उसके उपरांत प्रत्येक परिच्छेद के आधार पर दिए गए प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए । इन प्रश्नांशों के आपके उत्तर केवल परिच्छेदों पर ही आधारित होने चाहिए ।*

**परिच्छेद – 1**

शिक्षा का, निस्संदेह, एक महत्त्वपूर्ण कार्यपरक, नैमित्तिक तथा उपयोगितावादी आयाम होता है । यह तब उद्घाटित होता है जब कोई इस तरह के प्रश्न पूछे, जैसे कि 'शिक्षा का प्रयोजन क्या है ?' । बहुधा इसके उत्तर होते हैं, 'रोज़गार/ऊर्ध्वगामी गतिशीलता के लिए अर्हताएँ अर्जित करना', 'और व्यापक/उच्चतर (आय के संदर्भ में) अवसर प्राप्त करना', 'राष्ट्रीय विकास हेतु विविध क्षेत्रों में प्रशिक्षित जन-शक्ति की आवश्यकताओं की पूर्ति करना' । परंतु अपने गहनतम अर्थ में शिक्षा नैमित्तिक नहीं है । कहने का आशय यह है, कि इसका स्वयंमात्र से परे औचित्य नहीं बताया जा सकता, क्योंकि यह औपचारिक कौशलों या कतिपय निश्चित वांछित मनोवैज्ञानिक – सामाजिक गुणों के अर्जन की ओर ले जाती है । यह स्वयं में ही समादरणीय है । इस तरह शिक्षा कोई वस्तु नहीं है जिसे अर्जित कर, या जिससे स्वयं को सम्पन्न कर, तत्पश्चात् उसका इस्तेमाल किया जाए, बल्कि यह व्यक्तियों तथा समाज के लिए अपरिमित महत्त्व रखने वाली प्रक्रिया है, यद्यपि इसमें अपार उपयोग-मूल्य हो सकता है और होता है । अतएव शिक्षा विस्तारण एवं रूपांतरण की प्रक्रिया है, विद्यार्थियों को इंजीनियरों या डॉक्टरों में बदलने के अर्थ में नहीं, बल्कि मन को विस्तारण एवं परिवर्तन — सृजन, पोषण एवं आत्म-विवेचनात्मक बोध का विकास तथा विचार की स्वतंत्रता प्रदान करने के अर्थ में । यह नैतिक – बौद्धिक विकास की आंतरिक प्रक्रिया है ।

**28.** आप शिक्षा के 'नैमित्तिक' दृष्टिकोण से क्या समझते हैं ?

(a) शिक्षा अपने प्रयोजनों में कार्यपरक व उपयोगितावादी है ।

(b) शिक्षा का उद्देश्य मानवीय आवश्यकताओं की पूर्ति है ।

(c) शिक्षा का प्रयोजन मानव बुद्धि को प्रशिक्षित करना है ।

(d) शिक्षा का उद्देश्य नैतिक विकास की प्राप्ति है ।

**29.** परिच्छेद के अनुसार, शिक्षा को स्वयंमात्र में समादरणीय क्यों होना ही चाहिए ?

(a) क्योंकि यह रोज़गार के लिए अर्हताओं के अर्जन में सहायक होती है ।

(b) क्योंकि यह ऊर्ध्वगामी गतिशीलता व सामाजिक स्तर प्राप्त करने में सहायक होती है ।

(c) क्योंकि यह नैतिक व बौद्धिक विकास की आंतरिक प्रक्रिया है ।

(d) इस संदर्भ में उपरिलिखित सभी (a), (b) व (c) सही हैं ।

**30.** शिक्षा एक प्रक्रिया है, जिसमें

(a) विद्यार्थियों को प्रशिक्षित वृत्तिकों के रूप में बदला जाता है ।

(b) उच्च आय के अवसरों का सृजन होता है ।

(c) व्यक्तियों में आत्म-विवेचनात्मक बोध और विचार की स्वतंत्रता का विकास होता है ।

(d) ऊर्ध्वगामी गतिशीलता के लिए अर्हताओं का अर्जन होता है ।

**परिच्छेद – 2**

यदि कीट प्रतिरोधकता विकसित कर लें तो रासायनिक कीटनाशक धारणीय कृषि में अपना महत्त्व गँवा देते हैं । कीटनाशक प्रतिरोधकता का विकास मात्र प्राकृतिक वरण की क्रिया है । जब आनुवंशिकतः-वैविध्य जनसंख्या की बहुत बड़ी संख्या नष्ट हो जाती है, तब इसका घटित होना लगभग सुनिश्चित है । एक अथवा कुछ कीट असामान्य रूप से प्रतिरोधी हो सकते हैं (यह संभवतः इसलिए कि उनमें एक ऐसा एन्ज़ाइम होता है जो कीटनाशक को निराविषकारी बना सकता है) । यदि यह कीटनाशक बार-बार प्रयोग किया जाता है, तो कीट की हर उत्तरोतर पीढ़ी में प्रतिरोधी कीटों का अनुपात बढ़ता जाता है । कीटों की आन्तर प्रजनन दर ठेठ रूप से बहुत अधिक होती है, अतः एक पीढ़ी के कुछ ही कीट अपनी अगली पीढ़ी में सैंकड़ों या हजारों कीटों को जन्म दे सकते हैं, और इससे कीटों की आबादी में प्रतिरोधकता बहुत तेज़ी से फैल जाती है ।

पूर्व समय में इस समस्या की प्रायः अवहेलना होती रही, यद्यपि DDT (डाइक्लोरोडाइफिनाइलट्राइक्लोरोएथेन) प्रतिरोधकता के पहले मामले की सूचना 1946 में ही प्राप्त हो गई थी । ऐसे अकशेरुकी जीवों की संख्या जिनमें प्रतिरोधकता का विकास हुआ है तथा ऐसे कीटनाशकों की संख्या जिनके विरुद्ध प्रतिरोधकता का विकास हुआ है, में घातांकी वृद्धि हुई है । संधिपाद कीटों के प्रत्येक कुल (जिनमें द्विपंखी जैसे कि मच्छर-मक्खियाँ तथा भृंग, शलभ, ततैया, पिस्सू, जूँ और कुटकी सम्मिलित हैं) में और उनके साथ-साथ अपतृण तथा वनस्पति रोगाणुओं में प्रतिरोधकता दर्ज हुई है । कपास के शलभ कीट, एलाबामा पर्ण कृमि का ही उदाहरण लें । विश्व के एक या अधिक क्षेत्रों में उसमें ऐल्ड्रिन, DDT, डील्ड्रिन, ऐन्ड्रिन, लिन्डेन और टॉक्साफीन के प्रति प्रतिरोधकता विकसित हो गई है ।

यदि रासायनिक कीटनाशक केवल समस्याओं के उत्प्रेरक होते — यदि उनका प्रयोग मूलतः और घोर रूप

से अधारणीय होता — तब उनका व्यापक प्रयोग कब का बंद हो चुका होता । ऐसा नहीं हुआ । इसके विपरीत, उनकी उत्पादन दर तेज़ी से बढ़ी है । किसी कृषि-उत्पादक के लिए आज भी लागत-लाभ का अनुपात कीटनाशकों के प्रयोग के पक्ष में ही बना हुआ है । USA में कीटनाशकों से कृषि-उत्पादों को प्रति \$1 लागत मिलने वाला अनुमानित लाभ \$5 है ।

इसके अतिरिक्त, बहुत से गरीब देशों में सन्निकट सामूहिक भुखमरी, अथवा जानपदिक रोग, के आसार इतने भयावह हैं कि कीटनाशक प्रयोग करने की सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी लागत की अवहेलना करनी पड़ती है । कीटनाशकों के प्रयोग को साधारणतया 'कितने जीवन बच सकें', 'खाद्य उत्पादन की आर्थिक-दक्षता' और 'कुल खाद्य उत्पादन' जैसे यथार्थ मापों के आधार पर न्यायसंगत ठहराया जाता है । इन बिल्कुल मूलभूत अर्थों में उनके प्रयोग को धारणीय माना जा सकता है । आचरण में, धारणीयता निरंतर ऐसे नए कीटनाशकों को विकसित करने पर निर्भर करती है जो कीटों से कम-से-कम एक कदम आगे रहें — ऐसे कीटनाशक जो अल्प स्थायी हों, जैवनिम्नीकरणीय (बायोडिग्रेडेबल) हों और कीटों पर अधिक सधा हुआ लक्ष्य बाँध सकें ।

**31.** "कीटनाशक प्रतिरोधकता का विकास प्राकृतिक वरण की क्रिया है ।" इसका वास्तविक तात्पर्य क्या है ?

(a) बहुत से जीवों में कीटनाशक प्रतिरोधकता होना बिल्कुल प्राकृतिक है ।

(b) जीवों में कीटनाशक प्रतिरोधकता होना एक विश्वव्यापी तथ्य है ।

(c) कीटनाशकों के प्रयोग के पश्चात् किसी एक आबादी में कुछ जीव प्रतिरोधकता दर्शाते हैं ।

(d) उपर्युक्त (a), (b) तथा (c) में से कोई भी कथन सही नहीं है ।

**32.** परिच्छेद के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. विश्व के सभी गरीब देशों में रासायनिक कीटनाशकों का प्रयोग अनिवार्य हो गया है ।
2. रासायनिक कीटनाशकों की धारणीय कृषि में कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए ।
3. एक कीट बहुत से कीटनाशकों के प्रति प्रतिरोधकता विकसित कर सकता है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**33.** यद्यपि रासायनिक कीटनाशकों के प्रयोग से सम्बद्ध समस्याएँ लंबे समय से जानी जाती रही हैं, तथापि उनका व्यापक प्रयोग समय के साथ कम नहीं हुआ है । क्यों ?

(a) रासायनिक कीटनाशकों के कोई विकल्प विद्यमान नहीं हैं ।
(b) नए कीटनाशकों का आविष्कार ही नहीं होता ।
(c) कीटनाशक जैवनिम्नीकरणीय (बायोडिग्रेडेबल) होते हैं ।
(d) उपर्युक्त (a), (b) तथा (c) में से कोई भी कथन सही नहीं है ।

**34.** कीटनाशक किसी कीट आबादी में प्रतिरोधक जीवों के वरण के अभिकर्ता के रूप में कैसे कार्य करते हैं ?

1. संभव है कि किसी कीट आबादी में कुछ विशिष्ट कीटों का व्यवहार उनकी अपनी आनुवंशिक (जैनेटिक) संरचना के कारण दूसरों से भिन्न होता है ।
2. कीटों में कीटनाशकों को निराविषकारी बना सकने का सामर्थ्य होता है ।
3. कीटनाशक प्रतिरोधकता का विकास कीट आबादी में समान रूप से वितरित होता है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

**35.** रासायनिक कीटनाशकों के प्रयोग को सामान्यतः गरीब और विकासशील देशों का उदाहरण देकर न्यायसंगत क्यों ठहराया जाता है ?

1. विकसित देश जैव-कृषि का अनुकूलन कर कीटनाशकों के प्रयोग से मुक्त होने का सामर्थ्य रखते हैं, किंतु गरीब और विकासशील देशों के लिए रासायनिक कीटनाशक का प्रयोग अनिवार्य है ।
2. गरीब और विकासशील देशों में, कीटनाशकों के प्रयोग से फसलों के जानपदिक रोगों की समस्या का समाधान हो जाता है और खाद्य समस्या कुछ हद तक दूर की जा सकती है ।
3. गरीब और विकासशील देशों में प्रायः कीटनाशक प्रयोग करने की सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी लागत की अवहेलना कर दी जाती है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2

(d) 1, 2 और 3

**36.** इस परिच्छेद का क्या तात्पर्य है ?

(a) रासायनिक कीटनाशकों के विकल्पों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है ।

(b) रसायनों का अत्यधिक प्रयोग पारिस्थितिक-तंत्र के लिए अच्छा नहीं है ।

(c) कीटनाशकों में सुधार और उनके प्रयोग को धारणीय बनाने की कोई गुंजाइश नहीं है ।

(d) उपर्युक्त कथन (a) तथा (b) दोनों सही हैं ।

**परिच्छेद – 3**

अमेरिका जैसे विकसित देशों के बीते समय की आय के स्तर पर वर्तमान विकासशील अर्थव्यवस्थाएँ प्रति व्यक्ति कहीं कम ऊर्जा की खपत कर रही हैं, जिससे यह संभावना प्रबल होती है कि कार्बन-वृद्धि पर अंकुश रखते हुए भी विकास किया जा सकता है । एक ऐसी जलवायु-अनुकूल विकास रणनीति बनाने की आवश्यकता है जिसमें अनुकूलनशीलता तथा अल्पीकरण समन्वित हों और उससे समुत्थानशक्ति का विकास हो, वैश्विक तपन के गहराते संकट की आशंका में कमी हो और विकास परिणाम में सुधार लाया जा सके । अनुकूलनशीलता तथा अल्पीकरण उपाय अपनाने से विकास को बढ़ावा मिल सकता है, और आर्थिक समृद्धता आने से आय बढ़ सकती हैं और बेहतर संस्थाओं को प्रोत्साहन दिया जा सकता है । बेहतर निर्मित घरों में रह रही एक स्वस्थ जनसंख्या जिसे सामाजिक सुरक्षा और बैंक ऋण लेने की सुविधा प्राप्त है बदलती जलवायु और उसके प्रभावों से निपटने के लिए बेहतर सज्जित होती है । आज समुत्थानशील संतुलित विकास नीतियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है जो अनुकूलनशीलता को प्रोत्साहित करें क्योंकि प्रारंभ हो चुके जलवायु परिवर्तन अल्प अवधि में ही बढ़ने वाले हैं ।

आर्थिक समृद्धता का प्रसार सदा से परिवर्तनशील पारिस्थितिकीय परिस्थितियों के साथ अनुकूलनशीलता से गुथा रहा है । किन्तु वृद्धि ने जैसे-जैसे पर्यावरण को परिवर्तित किया है और पर्यावरणीय परिवर्तन जैसे-जैसे त्वरित हुआ है, वृद्धि और अनुकूलनशीलता को कायम रखने के लिए हमारे पर्यावरण को समझने की बेहतर क्षमता तथा नई अनुकूलनशील प्रौद्योगिकियाँ और आचरण विकसित करने और उन्हें व्यापक रूप से विसरित करने की आवश्यकता है । जैसी कि आर्थिक इतिहासकारों ने व्याख्या की है, मनुष्य जाति की अधिकांश सृजनात्मक अंतःशक्ति परिवर्तनशील दुनिया के प्रति अनुकूलनशील बने रहने की ओर उन्मुख रही है । किंतु यह अनुकूलनशीलता जलवायु परिवर्तन के सभी संघातों का सामना करने में समर्थ नहीं है, विशेषकर जब दीर्घ अवधि में अधिक विस्तृत परिवर्तन सामने आएँगे ।

देश इस परिवर्तनशील जलवायु से सामंजस्य रखते हुए उतनी तेज़ी से इस क्षति के मार्ग से मुक्त नहीं हो सकते । वृद्धि की कुछ रणनीतियाँ, चाहे वे सरकार या बाज़ार द्वारा संचालित हों, भी इस भेद्यता को बढ़ा सकती हैं, विशेषकर यदि वे प्राकृतिक संसाधनों का अतिशोषण करती हैं । सोवियत विकास योजना के अंतर्गत सिंचित कपास की खेती का विस्तार अल्प जलधारी मध्य एशिया में किया गया जिससे अरल सागर लुप्त प्राय हो गया, और मछुआरों, पशुपालकों और कृषकों की आजीविका संकट में पड़ गई । इसी प्रकार मैंग्रोव, जो तूफानी लहरों के विरुद्ध प्राकृतिक तटीय प्रतिरोधक हैं, का गहन कृषि या आवासीय विकास के लिए प्रयोग में लाना, तटीय बस्तियों की भौतिक भेद्यता को बढ़ाता है, फिर चाहे यह गिनि में या लूइज़िआना में हो ।

**37.** निम्नलिखित में से कौन-सी वृद्धि की परिस्थितियाँ भेद्यता बढ़ा सकती हैं ?

1. जब वृद्धि के लिए खनिज संसाधनों और जंगलों का अतिशोषण होता है ।
2. जब वृद्धि मानव जाति की सृजनात्मक अंतःशक्ति में परिवर्तन लाती है ।
3. जब वृद्धि की सोच केवल लोगों को आवास और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने तक सीमित होती है ।
4. जब वृद्धि केवल कृषि पर ज़ोर देने से मूर्त होती है ।

नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2, 3 और 4

(c) केवल 1 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

**38.** वर्तमान संदर्भ में निम्न कार्बन-वृद्धि का तात्पर्य क्या है ?

1. ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों के उपयोग पर अधिक बल देना ।
2. विनिर्माण क्षेत्र पर कम बल देकर कृषि के क्षेत्र पर अधिक बल देना ।
3. एकधासस्यन पद्धति को त्याग कर मिश्रित कृषि अपनाना ।
4. वस्तुओं और सेवाओं की माँग में कमी लाना ।

नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2, 3 और 4

(c) केवल 1 और 4

(d) उपर्युक्त में से कोई भी निम्न कार्बन-वृद्धि का द्योतक नहीं है

**39.** निम्नलिखित में से कौन-सी परिस्थिति/परिस्थितियाँ धारणीय आर्थिक विकास के लिए अनिवार्य है/हैं ?

1. आर्थिक समृद्धता का व्यापक प्रसार ।
2. अनुकूलनशील प्रौद्योगिकियों का व्यापक प्रसार/लोकप्रियकरण ।
3. अनुकूलनशील तथा अल्पीकरणशील प्रौद्योगिकियों के शोध में निवेश ।

नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**40.** इस परिच्छेद से निम्नलिखित में से क्या निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं ?

1. सिंचित क्षेत्रों में वर्षा-प्रधान फसलों की खेती नहीं की जानी चाहिए ।
2. जल-अभाव क्षेत्रों में खेती करना विकास रणनीति का अंग नहीं होना चाहिए ।

नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**41.** निम्नलिखित मान्यताओं पर विचार कीजिए :

1. **धारणीय** आर्थिक विकास के लिए मनुष्य की **सृजनात्मक** अंतःशक्ति के प्रयोग की आवश्यकता है ।
2. गहन कृषि से पारिस्थितिकीय प्रतिक्षेप (बैकलैश) हो सकता है ।
3. आर्थिक समृद्धि का प्रसार पारिस्थितिकी तथा पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है ।

प्रस्तुत परिच्छेद के संदर्भ में, कौन-सी उपर्युक्त मान्यता/मान्यताएँ वैध है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**42.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इस परिच्छेद का मूल विषय इंगित करता है ?

(a) आर्थिक रूप से अधिक समृद्ध देश जलवायु परिवर्तन के परिणामों से निपटने के लिए बेहतर सुसज्जित हैं ।
(b) अनुकूलनशीलता तथा अल्पीकरण को विकास रणनीतियों में समन्वित होना चाहिए ।
(c) विकसित और विकासशील दोनों ही प्रकार की अर्थव्यवस्थाओं को तीव्र आर्थिक विकास के पीछे नहीं पड़ना चाहिए ।
(d) कुछ देश तीव्र विकास की तलाश में प्राकृतिक संसाधनों के अतिशोषण का सहारा लेते हैं ।

***निम्नलिखित 11 (ग्यारह) प्रश्नांशों के लिए निर्देश :***

*निम्नलिखित **तीन परिच्छेदों** को पढ़िए और उसके उपरांत प्रत्येक परिच्छेद के आधार पर दिए गए प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए । इन प्रश्नांशों के आपके उत्तर केवल परिच्छेदों पर ही आधारित होने चाहिए ।*

**परिच्छेद – 1**

नए भौगोलिक क्षेत्रों में कभी-कभी मानव हस्तक्षेप के बिना ही विदेशज जातियों का प्राकृतिक रूप से संक्रमण हो जाता है । तथापि मानव क्रिया-कलापों ने इसे अल्प से वृहद् संक्रमण में परिवर्तित कर दिया है । मानव-जनित यह प्रवेश या तो मनुष्य के अप्रत्याशित आवागमन से, अथवा समझ बूझ कर अवैधानिक रूप से किसी व्यक्तिगत उद्देश्य की पूर्ति करते हुए अथवा वैधानिक रूप से सर्वसाधारण के आशांकित लाभ हेतु, यथा किसी कीट को नियंत्रण में लाते हुए, नए कृषि उत्पादों को उत्पन्न करते हुए या मनोरंजन के नवीन साधन उपलब्ध कराते हुए हो सकते हैं । बहुत सी प्रवेशज जातियाँ बिना अधिक प्रत्यक्ष प्रभाव के समुदाय में समाहित हो जाती हैं । किन्तु उनमें से कुछ जातियाँ, देशज जातियों और प्राकृतिक समुदायों में नाटकीय परिवर्तन के लिए उत्तरदायी होती हैं । उदाहरणार्थ, प्रशांत महासागर में बसे गुआम द्वीप में भूरे वृक्ष सर्प *बोइगा इररेगुलेरिस* के अप्रत्याशित प्रवेश और उसके द्वारा नीड़ परभक्षण करने से 10 देशज वन पक्षी जातियाँ विलोपन के कगार पर पहुँच गई हैं ।

संसार में विद्यमान विशाल जैवविविधता का एक प्रमुख कारण है विशेषक्षेत्री केन्द्रों की उपस्थिति जिससे संसार के विभिन्न भागों में एक जैसे आवासों में भी अलग-अलग समूहों की जातियाँ विकसित हुई हैं । यदि प्रत्येक जाति संसार के हर हिस्से में प्राकृतिक रूप से प्रवेश कर पाती, तो हम यह अपेक्षा कर सकते थे कि कुछ चंद सफल जातियाँ ही प्रत्येक जीवोम में प्रबल बन जातीं । यह समजातीयकरण जिस पैमाने पर प्राकृतिक रूप से हो सकता है, उस पर उन प्रकीर्णन के भौतिक

अवरोधों के कारण अधिकांश जातियों की सीमित प्रकीर्णन शक्ति द्वारा रोक लगी हुई है । मानव द्वारा प्रदत्त आवागमन के अवसरों से ये प्राकृतिक अवरोध, अनवरत वृद्धि-उन्मुख विदेशज जातियों द्वारा भंग किए जा रहे हैं । इन प्रवेशणों के प्रभावस्वरूप विशाल वैविध्यपूर्ण स्थानीय सामुदायिक संयोजन, कहीं अधिक समजातीय संयोजनों में परिवर्तित हो गए हैं ।

यह निष्कर्ष निकालना तथापि त्रुटिपूर्ण होगा कि किसी क्षेत्र में जातियों का प्रवेशण वहाँ की जातीय समृद्धता को अपरिहार्य रूप से क्षीण कर देता है । उदाहरणार्थ, यूरोपीय महाद्वीप में पौधों, अकशेरुकियों तथा कशेरुकियों की अनेक जातियाँ पाई जाती हैं जो ब्रिटिश द्वीपसमूह में नदारद हैं (क्योंकि उनमें से बहुत सी जातियाँ अंतिम हिमयुग के पश्चात् अब तक अपने को पुनर्निवेशन करने में विफल रही हैं) । उनके प्रवेशण से ब्रिटिश द्वीपसमूह में जैवविविधता का संवर्धन हो सकता है । उपर्युक्त अर्थपूर्ण क्षतिकारक प्रभाव, तभी उपजता है जब आक्रामक जातियाँ उन देशज जीवजात के सम्मुख नई चुनौतियाँ प्रस्तुत करती हैं जिनसे जूझने की क्षमता उनमें नहीं होती ।

**43.** उपर्युक्त परिच्छेद के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है ?

(a) नए भौगोलिक क्षेत्रों में विदेशज जातियों का प्रवेशण सदैव जैवविविधता को घटाता है ।

(b) नए क्षेत्रों में मानव द्वारा विदेशज जातियों को प्रवेश कराने से सदैव स्थानीय पारिस्थितिक-तंत्र में वृहत् परिवर्तन हुए हैं ।

(c) मानव ही वह अकेला कारक है जिसने विशाल वैविध्यपूर्ण स्थानीय सामुदायिक संयोजनों को कहीं अधिक समजातीय संयोजनों में परिवर्तित कर डाला है ।

(d) इस संदर्भ में, उपर्युक्त (a), (b) एवं (c) कथनों में से कोई भी सही नहीं है ।

**44.** मानव नए भौगोलिक क्षेत्रों में विदेशज जातियों का क्यों प्रवेशण करता है ?

1. स्थानीय जातियों के साथ विदेशज जातियों के प्रजनन के लिए ।
2. कृषि उत्पादकता में वृद्धि लाने के लिए ।
3. सौंदर्यीकरण और भूदृश्यन के लिए ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**45.** प्राकृतिक परिस्थितियों में समजातीयकरण पर कैसे अंकुश लगा रहता है ?

(a) स्थानीय आवासों के लिए विशिष्ट जाति समूहों के विकास से ।

(b) समुद्री तथा पर्वतीय श्रेणियों की उपस्थिति से ।

(c) जाति समूहों के स्थानीय भौतिक और जलवायविक परिस्थितियों के प्रति प्रबल अनुकूलन से ।

(d) इस संदर्भ में उपर्युक्त सभी कथन (a), (b) और (c) सही हैं ।

**46.** मानव ने जैवविविधता को कैसे प्रभावित किया है ?

1. जीवित जीवों की तस्करी द्वारा ।
2. राजमार्गों के निर्माण द्वारा ।
3. पारिस्थितिक-तंत्र को संवेदनशील बनाकर जिससे कि नई जातियाँ उसमें प्रवेश न कर सकें ।
4. यह सुनिश्चित करके कि नई जातियों का स्थानीय जातियों पर अधिक प्रभाव न पड़ सके ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) 1 और 2

(b) 2 और 3

(c) 1 और 3

(d) 2 और 4

**47.** विदेशज जातियों के संक्रमण का पारिस्थितिक-तंत्र पर क्या प्रभाव हो सकता है ?

1. देशज जातियों का क्षरण ।
2. पारिस्थितिक-तंत्र समुदाय के जाति संघटन में परिवर्तन ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**परिच्छेद – 2**

लोकतंत्र के अधिकांश हिमायती भी यह सुझाने में बल्कि वाक्संयम बरतते रहे हैं कि लोकतंत्र स्वयं ही विकास को और समाज-कल्याण-संवृद्धि को बढ़ाता है — उनकी प्रवृत्ति इन्हें अच्छे किंतु सुस्पष्टतः अलग और व्यापक रूप से स्वतंत्र लक्ष्यों के रूप में देखने की हुई है । दूसरी ओर, लोकतंत्र के निंदक जिसे लोकतंत्र और विकास के बीच गम्भीर तनावों के रूप में देखते हैं, उस पर अपना निदानात्मक विचार व्यक्त करने के लिए काफी इच्छुक प्रतीत हुए हैं । "मन बनाइए, आपको लोकतंत्र चाहिए, या इसकी जगह, आप विकास चाहते हैं" — बहुधा इस व्यावहारिक विभाजन वाले सिद्धांतवादी, कम-से-कम प्रारम्भ में, पूर्वी एशियाई देशों से आए, और जैसे-जैसे — 1970 व 1980 के दशकों के पूरे दौर में व बाद में भी — ये अनेक देश लोकतंत्र का अनुसरण किए बगैर आर्थिक विकास के संवर्धन में अत्यधिक कामयाब होते गए, उनके इस मत का प्रभाव बढ़ता गया है ।

इन मुद्दों के सम्बन्ध में हमें ख़ास ध्यान इन दोनों अंतर्विषयों पर देना पड़ेगा कि विकास किसे कहा जा सकता है और लोकतंत्र की व्याख्या क्या है (विशेषकर मतदान और जन-विवेक की अपनी-अपनी भूमिकाओं के संदर्भ में) । विकास का मूल्यांकन, लोग जो जीवन जी पाते हैं और जिस वास्तविक स्वतंत्रता का वे उपभोग करते हैं, उससे पृथक् नहीं किया जा सकता । विकास, विरले ही, सुविधा की निर्जीव वस्तुओं की संवृद्धि के आधार पर देखा जा सकता है, जैसे कि GNP (या व्यक्तिगत आमदनी), या औद्योगीकरण में वृद्धि — चाहे ये वास्तविक लक्ष्यों के साधनों के रूप में कितने ही महत्त्वपूर्ण हों । इनका मूल्य इस बात पर निर्भर करता है कि ये सम्बन्धित लोगों की ज़िंदगियों व उनकी स्वतंत्रता पर क्या प्रभाव डालते हैं, जो कि विकास के विचार का केंद्रबिन्दु होना ही चाहिए ।

यदि विकास को, अपेक्षाकृत अधिक व्यापक ढंग से, मनुष्य की ज़िंदगियों पर संकेंद्रित कर समझा जाए, तो यह तत्काल स्पष्ट हो जाता है कि विकास व लोकतंत्र के बीच के सम्बन्ध को अंशतः उनके मूलभूत संयोजन के आधार पर देखा जाना चाहिए, न कि मात्र उनके बाह्य सम्पर्कों के द्वारा । यद्यपि अक्सर यह सवाल भी पूछा जाता रहा है कि क्या राजनैतिक स्वतंत्रता "विकास में सहायक" होती है, फिर भी हमें इस निर्णायक पहचान को नहीं भूलना चाहिए कि राजनैतिक स्वतंत्रताएँ एवं लोकतांत्रिक अधिकार विकास के "संघटक अवयवों" में से हैं । विकास हेतु इनकी प्रासंगिकता अप्रत्यक्षतः GNP की अभिवृद्धि में उनके योगदान के द्वारा प्रमाणित करने की आवश्यकता नहीं होती ।

**48.** परिच्छेद के अनुसार, लोकतंत्र के निंदक लोकतंत्र व विकास के मध्य क्यों एक गम्भीर तनाव समझते हैं ?

(a) लोकतंत्र व विकास सुस्पष्ट और पृथक् लक्ष्य हैं ।

(b) आर्थिक अभिवृद्धि को, शासन की लोकतंत्रीय प्रणाली का अनुसरण किए बगैर भी सफलतापूर्वक उन्नत किया जा सकता है ।

(c) ग़ैर-लोकतांत्रिक शासन-प्रणालियाँ आर्थिक अभिवृद्धि को, लोकतांत्रिक शासन-प्रणालियों की तुलना में, अधिक तीव्र गति से तथा अधिक सफलतापूर्वक प्रदान करती हैं ।

(d) ऊपर दिए गए सभी (a), (b) व (c) कथन इस संदर्भ में सही हैं ।

**49.** परिच्छेद के अनुसार, विकास का अन्तिम मूल्यांकन/लक्ष्य/दृष्टि क्या होना चाहिए ?

(a) प्रति व्यक्ति आय व औद्योगिक संवृद्धि दरों में वृद्धि ।

(b) मानव विकास सूचकांक तथा GNP में सुधार ।

(c) बचतों व उपभोग प्रवृत्तियों में वृद्धि ।

(d) उस वास्तविक स्वतंत्रता का विस्तार जिसका नागरिक उपभोग करते हैं ।

**50.** लोकतंत्र व विकास के मध्य "मूलभूत" संयोजन का क्या निहितार्थ है ?

(a) इनके मध्य सम्बन्ध को बाह्य संपर्कों के माध्यम से देखा जाना चाहिए ।

(b) केवल राजनैतिक व नागरिक अधिकार ही आर्थिक विकास की ओर ले जा सकते हैं ।

(c) राजनैतिक स्वतंत्रताएँ एवं लोकतांत्रिक अधिकार विकास के सारभूत तत्त्व हैं ।

(d) ऊपर दिए गए कथन (a), (b) व (c) में से कोई भी कथन इस संदर्भ में सही नहीं है ।

**परिच्छेद – 3**

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) के उदारीकरण के साथ प्रतियोगिता नियम की आवश्यकता और संपुष्ट हो जाती है । प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रभाव सदैव प्रतियोगिता के पक्ष में नहीं होता । बहुधा, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, किसी घरेलू प्रतिष्ठान का अधिग्रहण कर अथवा किसी प्रतिष्ठान के साथ संयुक्त उद्यम की स्थापना कर, एक विदेशी निगम का रूप ले लेता है । इस प्रकार का अधिग्रहण करने से विदेशी निवेशक प्रतियोगिता को पर्याप्त रूप से कम कर सकता है और संगत बाज़ार में प्रबल स्थान हासिल कर सकता है और इस प्रकार ऊँची कीमतें प्रभारित कर सकता है । दूसरा वह दृश्य है जहाँ प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के उदारीकरण के अनुगमन में दो भिन्न बहुराष्ट्रीय कम्पनियों (MNCs) के संबद्ध पक्ष एक विशेष विकासशील अर्थव्यवस्था में एक दूसरे के साथ प्रतियोगिता में स्थापित हुए हों । बाद में, जनक कम्पनियों का, जो विदेश में हैं, विलय हो जाता है । जब कंपनियों के संबद्ध पक्ष स्वतंत्र नहीं रह जाते, मेज़बान देश में प्रतियोगिता वास्तव में समाप्त हो सकती है और उत्पादों की कीमतों में कृत्रिम स्फीति आ सकती है । बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा किए गए अधिग्रहणों और विलयनों के इन अधिकांश विपरीत परिणामों को काफी हद तक, एक प्रभावी प्रतियोगिता नियम को ला कर, टाला जा सकता है । साथ ही, एक ऐसी अर्थव्यवस्था, जिसने एक प्रभावी प्रतियोगिता नियम को कार्यान्वित किया हो, इसे कार्यान्वित न करने वाली अर्थव्यवस्था की तुलना में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित कर पाने के लिए बेहतर स्थिति में होती है । ऐसा केवल इसलिए नहीं है कि ज़्यादातर बहुराष्ट्रीय कंपनियों से अपने गृह देश में इस प्रकार के नियम के प्रचालन के अभ्यस्त हो जाने और इस प्रकार के मामलों से निबटने में सक्षम होने की प्रत्याशा की जाती है, अपितु इसलिए भी, कि बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ भी प्रतियोगिता के प्राधिकरणों से यह प्रत्याशा रखती हैं कि वे घरेलू और विदेशी प्रतिष्ठानों के बीच समस्तरीय दशाओं पर प्रतियोगिता सुनिश्चित करेंगे ।

**51.** इस परिच्छेद के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह वांछनीय है कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रभाव प्रतियोगिता के पक्ष में हो ।
2. विदेशी निवेशकों के प्रवेश से, आवश्यक रूप से, घरेलू बाज़ारों की कीमतों में स्फीति आती है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**52.** इस परिच्छेद के अनुसार, किस प्रकार एक विदेशी निवेशक संगत घरेलू बाज़ार पर प्रबलता स्थापित कर लेता है ?

1. बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ घरेलू नियमों की अभ्यस्त हो जाती हैं ।
2. विदेशी कंपनियाँ, घरेलू कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यम स्थापित कर लेती हैं ।
3. एक विशेष बाज़ार/क्षेत्रक के संबद्ध पक्ष अपनी स्वतंत्रता खो देते हैं क्योंकि उनकी विदेश स्थित जनक कंपनियाँ आपस में विलय कर लेती हैं ।
4. विदेशी कंपनियाँ अपने उत्पादों की लागत को घरेलू कंपनियों के उत्पादों की लागत की तुलना में घटा देती हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1, 2 और 3

(d) 1, 2, 3 और 4

**53.** इस परिच्छेद का क्या निष्कर्ष है ?

(a) विदेशी निवेशक और बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ घरेलू बाज़ार पर सदैव प्रबलता स्थापित कर लेती हैं ।

(b) कंपनियों का विलय होने देना घरेलू अर्थव्यवस्था के सर्वश्रेष्ठ हितों में से नहीं है ।

(c) प्रतियोगिता नियम के द्वारा, घरेलू और विदेशी प्रतिष्ठानों के बीच प्रतियोगिता हेतु समस्तरीय दशाएँ सुनिश्चित करना सरल हो जाता है ।

(d) खुली अर्थव्यवस्था वाले देशों के लिए, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश विकास हेतु आवश्यक है ।

**54.** निम्नलिखित कथनों का परीक्षण कीजिए :

1. मैं तभी दूरदर्शन देखता हूँ जब ऊबा हुआ होता हूँ ।
2. मैं यदि अपने भाई के साथ होता हूँ तो कभी नहीं ऊबता ।
3. मैं जब कभी थियेटर जाता हूँ तो अपने भाई को साथ ले जाता हूँ ।

ऊपर के कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष वैध है ?

(a) यदि मैं ऊबा हुआ होता हूँ, तो दूरदर्शन देखता हूँ ।

(b) यदि मैं ऊबा हुआ होता हूँ, तो अपने भाई का साथ चाहता हूँ ।

(c) यदि मैं अपने भाई के साथ नहीं होता हूँ, तो दूरदर्शन देखता हूँ ।

(d) यदि मैं ऊबा हुआ नहीं होता हूँ, तो दूरदर्शन नहीं देखता ।

**55.** केवल छः सड़कें A, B, C, P, Q एवं R किसी एक सैन्य शिविर को देश के शेष भाग से जोड़ती हैं । किसी भी एक समय पर A, P एवं R सड़कों में से केवल एक सड़क ही खुली रहती है । यदि B बंद होती है, तो Q भी बंद होती है । तूफान के समय A एवं B में से केवल एक खुली रहती है । बाढ़ के समय P बंद रहती है । इस संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है ?

(a) सामान्य परिस्थितियों में केवल तीन सड़कें खुली रहती हैं ।

(b) तूफान के समय कम-से-कम एक सड़क खुली रहती है ।

(c) बाढ़ के समय केवल तीन सड़कें खुली रहती हैं ।

(d) आपदाओं के समय सारी सड़कें बंद रहती हैं ।

**56.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. छात्रों के अलावा दूसरा कोई क्लब का सदस्य नहीं है ।
2. क्लब के कुछ सदस्य विवाहित हैं ।
3. सभी विवाहित डांस के लिए निमंत्रित हैं ।

उपर्युक्त कथनों के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा एक निष्कर्ष निकाला जा सकता है ?

(a) सभी छात्र डांस के लिए निमंत्रित हैं ।

(b) क्लब के सभी विवाहित छात्र डांस के लिए निमंत्रित हैं ।

(c) क्लब के सभी सदस्य विवाहित हैं ।

(d) उपर्युक्त निष्कर्षों में से कोई भी निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है ।

**57.** W, X, Y एवं Z चार राजनीतिक दलों ने आगामी संसदीय चुनावों के लिए संयुक्त उम्मीदवार खड़ा करने का निर्णय लिया है । किसी भी उम्मीदवार का सबसे अधिक दलों द्वारा स्वीकार किया जाना ही उम्मीदवार के चयन का आधार है । A, B, C एवं D चार प्रार्थी उम्मीदवार इन दलों के पास टिकट पाने के लिए आते हैं ।

A उम्मीदवार W को स्वीकार्य है किंतु Z को नहीं है ।

B उम्मीदवार Y को स्वीकार्य है किंतु X को नहीं है ।

C उम्मीदवार W एवं Y को स्वीकार्य है ।

D उम्मीदवार W एवं X को स्वीकार्य है ।

जब B उम्मीदवार को W एवं Z ने पसंद किया, C उम्मीदवार को X एवं Z ने पसंद किया, और A उम्मीदवार X को स्वीकार्य था किंतु Y को नहीं था; तो टिकट किसे मिली ?

(a) A

(b) B

(c) C

(d) D

**58.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यहाँ पार्क हुई सभी X-ब्रांड कारें सफेद हैं ।
2. उनमें से कुछ के रेडियल टायर हैं ।
3. 1986 के बाद बनी सभी X-ब्रांड कारों में रेडियल टायर लगे हैं ।
4. सभी कारें X-ब्रांड की नहीं हैं ।

उपर्युक्त कथनों के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा एक निष्कर्ष निकाला जा सकता है ?

(a) सिर्फ सफेद कारें यहाँ पर पार्क हैं ।

(b) कुछ सफेद X-ब्रांड कारें जिनमें रेडियल टायर लगे हैं यहाँ पार्क हैं ।

(c) X-ब्रांड कारों के अतिरिक्त अन्य कारों में रेडियल टायर नहीं लगे हो सकते ।

(d) अधिकांश X-ब्रांड कारों का उत्पादन 1986 से पहले हुआ है ।

**59.** निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिए :

यदि तृतीय विश्व युद्ध कभी शुरू होता है तो वह संभवतया सभ्यता के अंत के साथ बहुत जल्द समाप्त हो जाएगा । उसे नाभिकीय शक्ति का दुरुपयोग ही प्रेरित करेगा ।

उपर्युक्त कथन के आधार पर, निम्नलिखित में से कौन-सा एक निष्कर्ष सही है ?

(a) तृतीय विश्व युद्ध में नाभिकीय शक्ति का प्रयोग किया जाएगा ।

(b) तृतीय विश्व युद्ध के पश्चात् कोई सभ्यता शेष नहीं रहेगी ।


(c) नाभिकीय शक्ति के विकास से लम्बे समय में सभ्यता नष्ट हो जाएगी ।


(d) तृतीय विश्व युद्ध नहीं होगा ।


**60.** नीचे दिए गए समस्या चित्रों के अवयव बाएँ से दाएँ देखने पर एक निश्चित नियम के अनुसार परिवर्तित हो रहे हैं :




इस नियम के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा चित्र अगला होगा, यदि परिवर्तन उसी नियम के अनुसार जारी रहें ?

(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

**61.** निम्नलिखित सारणी में 1000 छात्रों की एक कक्षा का चार भिन्न-भिन्न परीक्षणों में निष्पादन दर्शाया गया है :

| परीक्षण | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| औसत अंक | 60 | 60 | 70 | 80 |
| अंकों की रेंज | 30 से 90 | 45 से 75 | 20 से 100 | 0 से 100 |

यदि किसी छात्र ने प्रत्येक परीक्षण में 74 अंक प्राप्त किए हैं, तो तुलनात्मक दृष्टि से उसका निष्पादन निम्नलिखित में से किस परीक्षण में सर्वोत्तम था ?


(a) परीक्षण I

(b) परीक्षण II

(c) परीक्षण III

(d) परीक्षण IV

**62.** नीचे दिखाई गई छः रंगीन (आगे पीछे दोनों) वर्गाकृति लाल (R), नीला (B), पीला (Y), हरा (G), सफेद (W) तथा नारंगी (O) आपस में एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं । यदि इन आकृतियों को एक घन के रूप में मोड़ा जाए, तो सफेद आकृति के विपरीत कौन-सी आकृति होगी ?





(a) R

(b) G

(c) B

(d) O

**63.**




उपर्युक्त चित्र में, वृत्त P मेहनती लोगों को निरूपित करता है, वृत्त Q बुद्धिमान लोगों को निरूपित करता है, वृत्त R सच्चे लोगों को निरूपित करता है, और वृत्त S ईमानदार लोगों को निरूपित करता है । कौन-सा क्षेत्र ऐसे व्यक्तियों को निरूपित करता है जो बुद्धिमान, ईमानदार और सच्चे हैं, किन्तु मेहनती नहीं हैं ?

(a) 6


(b) 7

(c) 8

(d) 11

P-DTQ-M-QB ( 35 – B )

**64.** किसी विशेष अनुदूरीक रूपान्तरण में एक घन (क्यूब) के तीन दृश्य नीचे दिए गए हैं :




A के सम्मुख कौन-सा अक्षर है ?


(a) H

(b) P

(c) B

(d) M

**65.**




नीचे दी गई आकृतियों में से कौन-सी आकृति ऊपर आव्यूह (मैट्रिक्स) के रिक्त स्थान (?) को लेगी ?

(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

***निम्नलिखित 8 (आठ) प्रश्नांशों के लिए निर्देश :***

*निम्नलिखित 8 (आठ) प्रश्नांश (प्रश्नांश 66 से 73) अंग्रेज़ी के **तीन लेखांशों** पर आधारित हैं और अंग्रेज़ी भाषा के बोधन के परीक्षण के लिए हैं । अतः **इन प्रश्नांशों का हिन्दी अनुवाद नहीं दिया जा रहा है** । प्रत्येक लेखांश पढ़िए तथा निम्नलिखित प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए ।*

**Passage – 1**

For fourteen and a half months I lived in my little cell or room in the Dehradun jail, and I began to feel as if I was almost a part of it. I was familiar with every bit of it, I knew every mark and dent on the whitewashed walls and on the uneven floor and the ceiling with its moth-eaten rafters. In the little yard outside I greeted little tufts of grass and odd bits of stone as old friends. I was not alone in my cell, for several colonies of wasp and hornets lived there, and many lizards found a home behind the rafters, emerging in the evenings in search of prey.

**66.** Which of the following explains best the sentence in the passage "I was almost a part of it" ?

(a) I was not alone in the cell.

(b) I was familiar with every bit of the cell.

(c) I greeted little tufts of grass like old friends.

(d) I felt quite at home in the cell.

67. The passage attempts to describe

(a) the general conditions of the country's jails.

(b) the prisoner's capacity to notice the minute details of his surroundings.

(c) the prisoner's conscious efforts to overcome the loneliness.

(d) the prisoner's ability to live happily with other creatures.

68. The author of the passage seems to suggest that

(a) it is possible to adjust oneself to uncongenial surroundings.

(b) the conditions in Indian prisons are not bad.

(c) it is not difficult to spend one's time in a prison.

(d) there is a need to improve the conditions in our jails.

**Passage – 2**

We started pitching the highest camp that has ever been made. Everything took five times as long as it would have taken in a place where there was enough air to breathe; but at last we got the tent up, and when we crawled in, it was not too bad. There was only a light wind, and inside it was not too cold for us to take off our gloves. At night most climbers take off their boots; but I prefer to keep them on. Hillary, on the other hand, took his off and laid them next to his sleeping bag.

69. What does the expression "pitching the highest camp" imply ?

(a) They reached the summit of the highest mountain in the world.

(b) Those who climbed that far earlier did not pitch any camp.

(c) So far nobody has ever climbed that high.

(d) They were too many climbers and needed to pitch a big camp.

70. They took a long time to finish the work because

(a) they were very tired.

(b) there was not enough air to breathe.

(c) it was very cold.

(d) it was very dark.

71. When they crawled into the tent

(a) they took off their gloves because it was not very cold.

(b) they could not take off their gloves because it was very cold.

(c) they took off their gloves though it was very cold.

(d) they did not take off their gloves though it was not cold.

**Passage – 3**

A local man, staying on the top floor of an old wooden house, was awakened at midnight by a fire. Losing his way in a smoke-filled passage, he missed the stairway and went into another room. He picked up a bundle to protect his face from the fire and immediately fell through the floor below where he managed to escape through a clear doorway. The "bundle" proved to be the baby of the Mayor's wife. The "hero" was congratulated by all.

**72.** The man went into another room because

(a) he did not know where exactly the stairway was.

(b) the passage was full of smoke.

(c) he was extremely nervous.

(d) he stumbled on a bundle.

**73.** The man was called a hero because he

(a) expressed his willingness to risk his life to save others.

(b) managed to escape from the fire.

(c) showed great courage in fighting the fire.

(d) saved a life.

***निम्नलिखित 7 (सात) प्रश्नांशों के लिए निर्देश :***

*नीचे सात प्रश्नांश दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश में एक स्थिति का वर्णन है, जिसके पश्चात् उसके चार संभव उत्तर दिए गए हैं । जिस उत्तर को आप सर्वाधिक उपयुक्त मानते हैं, उसे आप अपने उत्तर के रूप में अंकित कीजिए । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए केवल एक ही उत्तर चुनिए । उत्तरों का मूल्यांकन, दी गई स्थिति के लिए उपयुक्तता के स्तर के आधार पर किया जाएगा ।*

***कृपया सभी प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए । इन सात प्रश्नांशों के लिए गलत उत्तरों के लिए कोई दंड नहीं है ।***

**74.** अपने अधीनस्थ द्वारा तैयार किए गए अंतिम प्रतिवेदन के संबंध में, जिसे अतिशीघ्र प्रस्तुत किया जाना है, आपके अभिमत भिन्न हैं । आपका अधीनस्थ प्रतिवेदन में दी गई सूचना को उचित ठहरा रहा है । आप क्या करेंगे ?

(a) अपने अधीनस्थ से स्वीकार कराएँगे कि वह गलत है ।

(b) उसको परिणामों पर पुनर्विचार करने हेतु कहेंगे ।

(c) प्रतिवेदन में आप स्वयं संशोधन कर लेंगे ।

(d) अधीनस्थ को कहेंगे कि अपनी गलती को उचित न ठहराए ।

**75.** एक प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए, जिसका निर्धारण एक मौखिक प्रस्तुतीकरण के आधार पर होना है, आप अपने ही बैच के किसी सहकर्मी (बैच-मेट) के साथ प्रतियोगिता कर रहे हैं । प्रत्येक प्रस्तुतीकरण के लिए दस मिनट का समय रखा गया है । समिति ने आपको प्रस्तुतीकरण को ठीक समय से समाप्त करने को कहा है, जबकि, आपके मित्र को अनुबद्ध समयावधि से अधिक समय दिया जाता है । आप क्या करेंगे ?

(a) इस भेदभाव के लिए अध्यक्ष के पास एक शिकायत दर्ज कराएँगे ।

(b) समिति द्वारा दिए गए किसी भी औचित्य को नहीं सुनेंगे ।

(c) अपना नाम प्रतियोगिता से वापस लेने की माँग करेंगे ।

(d) विरोध करते हुए उस स्थान को छोड़ देंगे ।

**76.** आप एक समयबद्ध परियोजना पर कार्य कर रहे हैं । परियोजना की पुनरीक्षण बैठक के दौरान आप पाते हैं कि आपके समूह के सदस्यों की ओर से सहयोग में कमी होने के कारण परियोजना विलंबित हो सकती है । आप क्या करेंगे ?

(a) अपने समूह के सदस्यों को उनके असहयोग के लिए चेतावनी देंगे ।

(b) असहयोग के कारणों की जाँच-पड़ताल करेंगे ।

(c) समूह के सदस्यों को प्रतिस्थापित करने की माँग करेंगे ।

(d) कारण प्रस्तुत करते हुए समय सीमा बढ़ाने की माँग करेंगे ।

**77.** आप एक राज्य क्रीड़ा समिति के अध्यक्ष हैं । आपको एक शिकायत मिली है और बाद में यह पाया गया है कि कनिष्ठ आयु वर्ग के किसी पदक जीतने वाले एथलीट की आयु, आयु के दिए मानदण्ड से पाँच दिन अधिक हो गई है । आप क्या करेंगे ?

(a) छानबीन समिति से स्पष्टीकरण देने को कहेंगे ।

(b) एथलीट से पदक वापस करने को कहेंगे ।

(c) एथलीट को अपनी आयु की घोषणा करते हुए न्यायालय से शपथ-पत्र लाने को कहेंगे ।

(d) क्रीड़ा समिति के सदस्यों से उनकी राय माँगेंगे ।

**78.** आप एक प्राथमिकता परियोजना पर कार्य कर रहे हैं और सभी अंतिम तिथियों को पूरी तरह निभा रहे हैं और इस आधार पर परियोजना के दौरान अवकाश लेने की योजना बना रहे हैं । आपका आसन्न अधिकारी परियोजना की अविलंबता बता कर आपके अवकाश को अनुमोदित नहीं करता है । आप क्या करेंगे ?

(a) मंजूरी की प्रतीक्षा किए बिना अवकाश पर चले जाएँगे ।

(b) बीमारी का बहाना बना कर अवकाश पर चले जाएँगे ।

(c) अवकाश के आवेदन पर पुनर्विचार करने हेतु उच्चतर अधिकारी से बात करेंगे ।

(d) आसन्न अधिकारी को बताएँगे कि यह न्यायसंगत नहीं है ।

**79.** आप सुदूर क्षेत्र में एक जल पूर्ति परियोजना स्थापित करने हेतु कार्य कर रहे हैं । किसी भी हालत में परियोजना की पूरी लागत वसूल कर पाना असंभव है । उस क्षेत्र में आय का स्तर बहुत नीचा है और 25 प्रतिशत जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे है । जलापूर्ति की कीमत निर्धारण का निर्णय लेते समय आप क्या करेंगे ?

(a) यह अनुसंशा करेंगे कि पूरी तरह जलापूर्ति निःशुल्क हो ।

(b) यह अनुसंशा करेंगे कि सभी प्रयोगकर्ता नल लगाने हेतु एक बार तय एक-मुश्त राशि का भुगतान करें और पानी का उपयोग निःशुल्क हो ।

(c) यह अनुसंशा करेंगे कि गरीबी रेखा से ऊपर के परिवारों के लिए एक तय मासिक शुल्क लगाया जाए और गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों हेतु जलापूर्ति निःशुल्क हो ।

(d) यह अनुसंशा करेंगे कि प्रयोगकर्ता जल के उपभोग पर आधारित शुल्क का भुगतान करें जिसमें गरीबी रेखा से ऊपर तथा नीचे के परिवारों हेतु विभेदीकृत शुल्क निश्चित किया जाए ।

**80.** एक नागरिक के रूप में आपको एक सरकारी विभाग से कुछ काम है । सम्बद्ध अधिकारी आपको बार-बार बुलाता है; और आपसे प्रत्यक्षतः बिना कुछ कहे रिश्वत देने के इशारे करता है । आप अपना कार्य कराना चाहते हैं । आप क्या करेंगे ?

(a) रिश्वत दे देंगे ।

(b) ऐसा व्यवहार करेंगे मानो आप उसके इशारे नहीं समझ रहे हैं और अपने आवेदन पर डटे रहेंगे ।

(c) रिश्वत के इशारों के सम्बन्ध में मौखिक शिकायत के साथ उच्चतर अधिकारी के पास सहायता के लिए जाएँगे ।

(d) एक औपचारिक शिकायत भेजेंगे ।